मि.सं. 3-3/2022-23/प.पा./परीक्षा/CRC

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

पश्चिमी खंड़-7, आर. के. पुरम
नई दिल्ली - 110066

प्रश्न पत्रों के हिंदी-अंग्रेजी एवं हिंदी-विभिन्न भारतीय भाषाओं में द्विभाषी मुद्रण कैमरा रेड्डी कॉपी / व्यवस्थापन / नियत स्थान पर आपूर्ति समेत निविदाएँ आमंत्रित करना ।

संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसरण में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के संपूर्ण भारत में विकसित करने के उद्देश्य से 01 मार्च 1960 को केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना की गई । केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु निर्धारित किए गए क्रिया कलापों में पत्राचार द्वारा हिंदी पाठ्यक्रम चलाना भी समाविष्ट है । इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष पत्राचार पाठ्यक्रम के छात्रों के प्रयोजनार्थ परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है । इस कार्य हेतु प्रश्न पत्रों को तैयार किया जाता है जो अत्यंत गोपनीय प्रकृति का कार्य है । ये प्रश्न पत्र द्विभाषी रूप में हिंदी-अंग्रेजी एवं हिंदी- विभिन्न भारतीय भाषाओं में होते हैं ।

एतद् द्वारा केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्विभाषी प्रश्न पत्रों के मुद्रणार्थ निविदाएँ आमंत्रित करता है । अंग्रेजी तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं में समय सीमा के अंदर कार्य निष्पादन की क्षमता रखने वाले इच्छुक फर्म निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं । कार्य को पूर्ण करने के पश्चात उन्हें कार्य की सॉफ्ट कॉपी समेत मुद्रित प्रश्न पत्रों को केंद्रीय हिंदी निदेशालय, आर. के. पुरम, नई दिल्ली में आपूर्ति की जानी है ।

अत: निविदाकार निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदा प्रपत्र में दी गई कार्य प्रकृति को ध्यान से पढ़ लें । जो निविदाकार कार्य की प्रकृति की अधिक जानकारी लेना चाहते हैं, वे प्रत्यक्ष रूप से पूर्व अनुमति के साथ किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । जो टाइप सैटर निदेशालय के पैनल में अपने को सूचिबद्ध करने के इच्छुक हैं तथा केंद्रीय हिंदी निदेशालय की अपेक्षाओं को पूर्ण करने में सक्षम हैं, उनसे अनुरोध है कि निविदा में दिए गए प्रपत्र एवं अन्य दस्तावेज भेजें।

मुहर बंद निविदाएँ उपनिदेशक पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066 को दिनांक 01.04.2024 दोपहर 12 बजे तक "प्रश्न पत्रों के टाइप सैटिंग तथा स्थान पर आपूर्ति हेतु निविदा" शीर्षक के लिफाफे में सौंपी जानी हैं, जो कि उसी दिन सायं 3 बजे खोली जाएंगी ।

फर्म द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे तो निविदाएँ खुलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा प्रपत्र

क्र.संख्या	विवरण	दर (रु.)
1.	हिंदी-अंग्रेजी / हिंदी-भारतीय भाषाओं में द्विभाषी प्रश्नपत्रों के मुद्रण, कैमरा रेड्डी कॉपी, व्यवस्थापन एवं पासवेड सुरक्षित पी.डी.एफ. निर्माण (ए-4 आकार प्रति पृष्ठ) तथा मुद्रित प्रश्न पत्रों को निदेशालय में पहुँचाना / आपूर्ति करना । (निम्नतम बिलिंग मात्रा 1000 प्रतियाँ प्रति शीर्ष)	
2.	जी. एस. टी.	

वचन

हम एतद् द्वारा नियम व शर्तों का अनुपालन करते हुए उपर्युक्त दरों पर कार्य पूर्ण करने के लिए सहमत हैं । हम इस तथ्य से भी सहमत हैं कि निविदा और कार्य निष्पादन से संबंधित मामलों में निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी रहेगा ।

(हस्ताक्षर)
मुहर सहित

नियम एवं शर्तें

1. फर्म द्वारा दरें निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुतं की जानी हैं ।
2. सफल निविदा का निर्धारण निविदाओं में से न्यूनतम (L-1) के आधार पर किया जाएगा ।
3. प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को हर हालत में बनाए रखना फर्म की जिम्मेदारी है ।
4. कार्य पूर्ण होने पर युनिकोर्ड में कार्य की सॉफ्ट कॉपी निदेशालय को उपलब्ध की जानी है ।
5. केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पास किसी भी / सभी प्रकार के असंतोषजनक कार्य को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है ।
6. शर्तों का पालन न किए जाने पर बिना कोई कारण बताए कार्य को निरस्त करने का अधिकार निदेशालय के पास सुरक्षित है ।
7. निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय का सभी मामलों में निर्णय अंतिम है ।
8. सभी न्यायिक विवादों का क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा ।

21/03/2024

उपनिदेशक
(पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग)

अनिल बी/ANIL B
उप निदेशक/Deputy Director
केंद्रीय हिंदी निदेशालय/Central Hindi Directorate
शिक्षा मंत्रालय/Ministry of Education
पश्चिमी खण्ड–7, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066
West Block-7, R.K. Puram, New Delhi-110066